A message from the
Group Managing Director

Mark Norwell

Perenti

नेतागण: कृपया इस ईमेल को अपने उन कर्मचारियों के साथ साझा करें, जिनके पास ईमेल की सुविधा नहीं है। कृपया अधिक जानकारी के लिए COVID-19 (कोविड -19) संबंधी जानकारी के लिए समर्पित employee portal पर जाएँ

प्रियजनों

आपके ISG या ग्रुप फंक्शन के अंतर्गत आपको जो अपडेट मिल रहे हैं, उनके अलावा, मैं आपको COVID-19 के बारे में एक ग्रुप अपडेट (सामूहिक रूप से नवीनतम जानकारी) देना चाहूँगा कि इसका क्या प्रभाव पड़ रहा है, हमारे लोगों और हमारे व्यवसाय की सुरक्षा के लिए जो कदम हम उठाते रहेंगे, तथा साथ ही इस बारे में भी कि आप हमारे प्रयासों में अपना सहयोग प्रदान करने के लिए क्या कर सकते हैं।

COVID-19 का बढ़ता प्रभाव

आपने देखा होगा कि दुनिया भर के देशों में COVID-19 का कैसा विनाशकारी प्रभाव पड़ रहा है, इसने कुछ उद्योगों को विराम की स्थिति में ला दिया है और वैश्विक स्तर पर आर्थिक कहर बरपाते हुए अनेक लोगों को काम से बाहर कर दिया है।

बीते सप्ताह दुनिया भर में सरकारों ने वायरस के प्रसार को कम करने के लिए लोगों के आने-जाने को सीमित करने के लिए और अधिक उपाय किए हैं। सीमाओं पर बढ़ी हुई रोक ने हमारे व्यवसायों के सामने नई चुनौतियाँ पैदा कर दी हैं और हमारे संचालनों में बाधाएँ आ रही हैं और अस्थायी तौर पर उन्हें बंद करना पड़ रहा है, जिस समय कि हम और अपने ग्राहकों के साथ मिल कर, वायरस से निपटने के लिए और इसके प्रसार को नियंत्रित करने के लिए उपाय कर रहे हैं।

फिर भी, वायरस के भविष्य में होने वाले के प्रभावों के बारे में अनिश्चितता के बावज़ूद हमें कुछ सकारात्मक चीज़ें भी दिखाई दे रही हैं। उदाहरण के लिए, ऑस्ट्रेलिया व अन्य उन कई देशों में COVID-19 के नए मामलों की दर कम हो गई है जिनमें हम अपना कार्य संचालन करते हैं, क्योंकि नियंत्रण के उपाय प्रभावी होने लगे हैं। लेकिन यह स्पष्ट है कि COVID-19 के खिलाफ़ लड़ाई में समय लगेगा और दीर्घकालिक वित्तीय प्रभावों का स्तर व ये प्रभाव कितने समय तक रहेंगे, दोनों ही बातें अभी भी अज्ञात है।

आपकी और अपने व्यवसाय की रक्षा करना

मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूँ कि COVID-19 टास्कफ़ोर्स के माध्यम से पेरेंटी ग्रुप के कार्यकारी अधिकारियों और समस्त व्यवसाय के नेताओं ने मेरे पिछले संदेशों में उल्लिखित उद्देश्यों तक को प्राप्त करने के लिए दिन-रात लगातार काम करना जारी रखा है, जैसे कि:

- • हमारे लोगों का स्वास्थ्य और उनकी भलाई सर्वोपरि है;
- • हमें आर्थिक रूप से मज़बूत बने रहने की ज़रूरत है; इसके लिए हमें कार्य-संचालन जारी रखना है तथा नक़दी का संरक्षण करना है; तथा
- • विशेषरूप से "वर्तमान" का प्रबंधन करते हुए, हमें व्यवसाय की स्थिति को ऐसी बनाए रखने की आवश्यकता है कि जब हम इस वैश्विक घटना से बाहर निकल आते हैं तब व्यवसाय पूरी मज़बूती से पुन: खड़ा हो सके।

जबकि हमें अपनी वित्तीय स्थिति पर स्पष्ट महत्वपूर्ण प्रभाव, या खनन उद्योग पर अधिक व्यापक रूप से प्रभाव अभी देखना बाक़ी है, लेकिन हमारे व्यापार के भाग पहले से ही परिचालन के संबंध में बहुत अधिक दबाव में आ गए हैं। हमें इस बात की संभावना दिखाई दे रही है कि व्यापक आर्थिक प्रभाव कमोडिटी की कीमतों के माध्यम से परिलक्षित होगा और हमारी कुछ परियोजनाओं को संचालित करने की क्षमता निकट भविष्य में दबाव बढ़ने से प्रभावित हो सकती है।

टास्कफ़ोर्स व्यवसाय के लिए दृश्य-योजनाओं को और हमारे व्यवसाय के प्रत्यक्ष और संभावित रूप से लंबे समय तक प्रभावित होने की प्रत्याशा में नक़दी को संरक्षित करने के विकल्पों को कर्मठता से देख रहा है और मैं आपको उपायों के बारे में और वे आपको कैसे प्रभावित कर सकते हैं, इस बारे में पूरी जानकारी देने के लिए प्रतिबद्ध हूँ।

A message from the
Group Managing Director

Mark Norwell

Perenti

सहायता करने के लिए आप क्या कर सकते हैं?

मैं अपने कर्मचारियों के बीच सामाजिक दूरी के महत्व को दोहराना चाहूँगा- जैसा कि मैंने पिछले सप्ताह अपनी ईमेल में कहा था कि अन्य लोगों के साथ संपर्क करने का एक अच्छा तरीका यह है कि आप इस तरह से बर्ताव करें जैसे कि आपको पहले से ही वायरस का संक्रमण है और ऐसा करके आप दूसरों के साथ संपर्क को कम कर सकते हैं।

इस सप्ताह मैं जिस दूसरे विषय पर बात करना चाहूँगा, वह है हमारे लोगों की भलाई है। हमारे कई कर्मचारियों के लिए वास्तविकता यह है कि COVID-19 के कारण उनके कार्य (job) कई तरह से बदल गए हैं। कई परिचालन कर्मचारी लंबे समय के रोस्टर पर काम कर रहे हैं, जबकि ऑफ़िस आधारित काम करने वाले हमारे अनेकों कर्मचारी घर से भी कार्य कर रहे हैं।

हम लोगों द्वारा किए जा रहे उन बलिदानों को पहचानते हैं और यह भी कि कर्मचारियों के मन में COVID-19 के प्रकोप के कारण व्यग्रता, परेशानी और चिंता की भावनाएँ हो सकती है। मैं आप सभी से यह चाहता हूँ कि अपने सहकर्मियों की देख-रेख करें और इस अभूतपूर्व और अनिश्चित समय के दौरान एक दूसरे से संपर्क बनाए रखें।

मैं कर्मचारियों को उनके लिए उपलब्ध कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) [Employee Assistance Program (EAP)] सेवाओं का उपयोग करने के लिए भी प्रोत्साहित करना चाहता हूँ। ये COVID-19 का सामना करने से संबन्धित जानकारी व सलाह प्रदान करते हैं, जिसमें शामिल है अलगाव में रहने और संबंध बनाए रखने, कार्यस्थल और वित्तीय कठिनाई, और प्रियजनों के मानसिक स्वास्थ्य का किस प्रकार सबसे अच्छे तरीके से ध्यान रखा जाए। इन सेवाओं से संपर्क के बारे में जानकारी employee portal पर Employee Wellbeing टैब के अंतर्गत देखी जा सकती है।

यदि आपको अधिक जानकारी की आवश्यकता है तो आपको क्या करना चाहिए?

यदि आपके कोई प्रश्न या चिंताएँ हैं, तो कृपया सबसे पहले अपने लाइन मैनेजर से बात करें। हमारे द्वारा तैयार किया गया इसके लिए समर्पित कर्मचारी पोर्टल (employee portal) पर भी और अधिक जानकारी उपलब्ध है, साथ ही एक (email address) ईमेल पता भी है जिस पर आप प्रश्न भेज सकते हैं या पहले से ही स्थापित अपने ISG प्रोटोकॉल के माध्यम से आप प्रश्न भेज सकते हैं।

मैं आप सभी को इस बात के लिए प्रोत्साहित करना चाहता हूँ कि आप अपने परिवारों के साथ पोर्टल URL और ईमेल का पता साझा करें ताकि वे देख सकें कि हम COVID-19 के खिलाफ़ की लड़ाई लड़ने व उन्हें महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए हम क्या प्रयास कर रहे हैं।

समापन करते हुए में, इन अभूतपूर्व समयों में अपने लोगों द्वारा किए जा रहे प्रयासों और बलिदानों के प्रति अत्यधिक गर्व का अनुभव कर रहा हूँ। मैं अपने कारोबार में जहाँ भी देखता हूँ, तो मुझे ऐसे उदाहरण दिखाई देते हैं कि सिद्धांतों का पालन करते हुए लोग उम्मीद से बढ़ कर रहे हैं, जिससे हमारे द्वारा किए जा रहे प्रयासों से वास्तविक फ़र्क पड़ रहा है।

मुझे विश्वास है कि समय के साथ समूह एक समृद्ध भविष्य के लिए इन अनिश्चित समयों से अच्छी स्थिति के साथ उभर कर आएगा। बोर्ड और समूह कार्यकारी (Group Executive) महत्वपूर्ण वैश्विक अनिश्चितता के समय आपके सतत प्रयासों के लिए वास्तव में आभारी हैं।

एक बार फिर, मैं प्रत्येक को आश्वस्त करना चाहूँगा कि हम अपने कर्मचारियों की देखभाल के लिए, व्यवसाय को बनाए रखने व मज़बूती से बने रहने की स्थिति बनाए रखने के लिए हम वह सब कुछ कर रहे हैं जो हम कर सकते हैं।

आपके निरन्तर सहयोग के लिए धन्यवाद। स्वस्थ बने रहें।

सादर,

Mark Norwell
Group Managing Director
E mark.norwell@perentigroup.com